हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

10 राजा परीक्षित ने प्रभु की शरणागति पाने सुनी श्रीमद् भागवत कथा



11 जल संरक्षण व संचयन के लिए समुचित उपाय करें : चंद्रवाल





चुनाव : नगरीय निकाय चुनाव के लिए मंगलवार को दिनभर रही गहमागहमी

# अंतिम दिन भाजपा-कांग्रेस ने किया शक्ति प्रदर्शन
# अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों ने भरा नामांकन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही में नामांकन के अंतिम दिन मंगलवार को भाजपा व कांग्रेस के अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन कर नामांकन दाखिल किया। भाजपा के प्रमोद जैन ने नगर के चंडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, राजेंद्र राय, प्रीतम साहू, रानु हेमंत सोनकर, लेखराम साहू, मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कंडेय व सभी पार्षद एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन दाखिल किया है। वहीं, कांग्रेस के केके राजू चन्द्राकर व पार्षदों ने भी नगर के चंडी मंदिर व शीतला मंदिर में पूजा अर्चना कर विधायक कुंवर सिंह निषाद, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, प्रकाश नाहटा, संजय साहू व ब्लाक पदाधिकारी एवं समर्थकों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया।

## दोनों ही प्रमुख राष्ट्रीय दलों ने किए जीत के दावे

### मेरे साथ भाजपा के सभी 15 पार्षद प्रत्याशी जीतकर आएंगे : जैन

नामांकन के बाद भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के प्रमोद जैन ने कहा कि भाजपा ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करुंगा। मैं और हमारे 15 पार्षद भी चुनाव जीत कर आएंगे। उन्होंने कहा कि जनता से भी समर्थन मिल रहा है। पिछली बार उपाध्यक्ष व पार्षद रहकर अनेक विकास कार्य को प्रथमिकता दी है। इस बार चुनाव जीतने के बाद नगर में विकास और तेजी से होगा।





### अध्यक्ष व सभी पार्षद प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे : चंद्राकर

वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी केके राजु चन्द्राकर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नगर के विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित है। इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत निश्चित है। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि कांग्रेस ने इस बार सभी की सहमति से जितने योग्य अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशी को मैदान में उतारा है और हमारे अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशी चुनाव जीतकर आएंगे। अब देखना यह होगा कि भाजपा व कांग्रेस के पक्ष में कितना असर पड़ता है पर मंगलवार को भाजपा व कांग्रेस के अंतिम नामांकन रैली में शक्ति प्रदर्शन कर चुनावी माहौल को गरमा दिया है। रैली में भाजपा व कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

### ये हैं कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी

वार्ड 1 पुसन लाल निषाद, वार्ड 2 दिनेश्वर निषाद, वार्ड 3 संतोष ठाकुर, वार्ड 4 रुखमणी निषाद, वार्ड 5 लक्ष्मीनारायण सोनकर, वार्ड 6 रामबती सोनकर, वार्ड 7 ईश्वर लाल सोनकर, वार्ड 8 सुल्ताना तिगाला, वार्ड 9 सलीम खान, वार्ड 10 हेमलता सोनी, वार्ड 11 कुमारी बाई भांडेकर, वार्ड 12 सरस्वती नेताम, वार्ड 13 गौकरण सोनकर, वार्ड 14 लालिमा टंडन व वार्ड 15 मुकेश सिन्हा प्रत्याशी घोषित हुए हैं।

### ये हैं भाजपा के पार्षद प्रत्याशी

वार्ड 1 टीकाराम निषाद, वार्ड 2 हरीश निषाद, वार्ड 3 संतोष नेताम , वार्ड 4 लोकेश्वरी यादव, वार्ड 5 विजय सोनकर, वार्ड 6 नैन बाई सोनकर, वार्ड 7 हेमंत सोनकर, वार्ड 8 संतोषी साहू, वार्ड 9 कुंती नामदेव, वार्ड 10 उपेंद्र साहू, वार्ड 11 पुजा बिंझेकर, वार्ड 12 शैल महोबिया, वार्ड 13 सुरेश सोनी, वार्ड 14 सेवक महिपाल, वार्ड 15 रोमलाल यादव को प्रत्याशी बनाया गया है।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➜ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➜ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➜ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



